an>

Title: Need to re-open the closed unit of Fertilizer Corporation of India in Gorakhpur, Uttar Pradesh.

श्री मोहन सिंह (देवरिया) : महोदया, पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों की उर्वरक की समस्या के समाधान के लिए गोरखपुर में उर्वरक उत्पादन का एक बड़ा कारखाना फर्टिलाइजर्स कारपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा स्थापित किया गया था। विगत दस वर्षों से भी अधिक समय से इस कारखाने के बंद हो जाने के कारण पूर्वी उत्तर प्रदेश में खाद की आपूर्ति एक गंभीर समस्या बन गई है। वर्तमान केन्द्र सरकार ने ऐसी बंद पड़ी इकाइयों के पुनरुद्धार का आश्वासन दिया था। उर्वरक मंत्रालय ने खास तौर पर इस कारखाने को फिर चलाने की घोषणा तक कर दी थी लेकिन अभी तक इस कारखाने के न चलने से पूर्वांचल में उर्वरक के लिए किसान काफी परेशान हैं। कृपया पूर्वांचल में किसानों के लिए उर्वरक आपूर्ति की कठिनाई को समाप्त कराने और इस कारखाने को शीघ्र चलाने की मांग करता हूं।[R29]

MADAM CHAIRMAN: Shri Tukaram Ganpat Rao Renge Patil - Not present.